तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 19 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक मिले शिक्षा मंत्री से,12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा



## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**बलरामपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) तथा जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत शासी परिषद की बैठक सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में 19 फरवरी प्रातः 11 बजे से राजपुर जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

### विभाग ने सूचना के बाद रुकवाए दो बाल विवाह

**बलरामपुर।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा पर नियंत्रण के लिए जिले में प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड के नगर पंचायत कुसमी एवं ग्राम पंचायत शाहपुर में प्रशासन की तत्परता और समन्वित प्रयास से बाल विवाह रुकवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कुसमी एवं ग्राम पंचायत शाहपुर में 2 नाबालिग बालिका का विवाह तय किया गया था। सूचना मिलते ही प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा संबंधित स्थल पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें बालिकाओं की आयु 15 वर्ष पाई गई। टीम ने मौके पर परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी तथा परिजनों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, और बाल विवाह में सहयोग करने पर कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। समझाइश पर परिजनों ने बालिकाओं की सही आयु में विवाह करने की बात कही। जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। इसके लिए स्कूलों, आंबा केंद्रों, ग्राम सभाओं एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानून की जानकारी दी जा रही है।

### शहर में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की शुरूआत

**अम्बिकापुर।** विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए अम्बिकापुर समेत कुल 10 नए विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का गठन किया गया है। अम्बिकापुर में विद्युत फोरम के अध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार सैनी एवं सदस्य पद पर श्रीमती मेरी लिली तिर्की को पदस्थ किया गया है। फोरम का वर्तमान में कार्यालय सीएसपीडीसीएल प्रशासनिक भवन, बिशुनपुर में संचालित हो रहा है। नए विद्युत उपभोक्ता निवारण फोरम के गठन से प्रदेश की जनता को अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान में सुविधा होगी तथा फोरम उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निवारण करेगा। नए फोरम के गठन का उद्देश्य भारत सरकार की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

### बाल सुधार गृह से भागने वाले 8 बरामद

**अंबिकापुर।** बाल सुधार गृह प्लेस ऑफ सेफ्टी से फरार हुए 5 बालिग़ समेत 13 अपचारी बालकों में से अब तक आठ को बरामद कर लिया गया है। इनमें एक बालिग़ भी शामिल है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि प्लेस ऑफ सेफ्टी के नाम से संचालित बाल सुधार गृह से 16 फरवरी की रात 5 बालिग समेत 13 अपचारी बालक सुरक्षाकर्मियों से मारपीट करने के बाद भाग निकले थे। इस मामले 17 फरवरी तक 5 अपचारी बालकों को बरामद कर लिया गया था जबकि गांधीनगर पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को बरामद किया है। इनमें से एक आरोपी बालिग है। पुलिस ने बाल सुधार गृह से भागने वाले आरोपी सुजल गौतम को दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपी गंभीर धाराओं में बंद था। पुलिस के अनुसार अंदर मौजूद 5 बालिग आरोपियों ने मिलकर भागने का प्लान बनाया था और अपने साथ नाबालिकों को भी शामिल कर लिया। आरोपी सुजल गौतम पूर्व में भी सुधार गृह से भाग चुका है। इस बार पुलिस ने आरोपी सुजल गौतम को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल भेज दिया है जबकि शेष की तलाश जारी है।

## कब्जाधारियों ने चलाए पत्थर, जेसीबी और पुलिस के वाहन क्षतिग्रस्त

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने के दौरान दो गुटों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- वापस लौटी टीम, ग्राम सुंदरगंज का मामला

ग्राम सुंदरगंज में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने के दौरान दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद उग्र हो गया। अतिक्रमणकारियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए सरपंच को मारने के लिए दौड़ाया और पथराव किया। इस घटना में जेसीबी और पुलिस के वाहन क्षतिग्रस्त हुए है। गनीमत रही की पथराव में पुलिस व प्रशासनिक टीम को कोई चोट नहीं आई। हालांकि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जन ग्रामीणों को चोट आई है। इस घटना के बाद फिलहाल कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया है इसके साथ ही मामले में अपराध दर्ज जांच शुरू कर दी गई है।

बताया जा रहा है की लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम सुंदरगंज में शासकीय भूमि खसरा नंबर 35, 255, 552 पर अतिक्रमण किया गया है। भूमि पर झोपडी के साथ ही मकान भी बने हुए है। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए सरपंच के साथ ही गांव के ज्यादातर लोगों ने प्रस्ताव पारित किया था और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का अनुरोध जिला प्रशासन से किया था। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर राजस्व अमला और पुलिस की टीम 18 फरवरी को अतिक्रमण हटाने के लिए ग्राम सुंदरगंज पहुंचे हुए थे। बताया जा रहा है कि अतिक्रमणकारी कार्रवाई का विरोध कर रहे थे इसी दौरान उनकी नजर गांव के सरपंच पर पड़ी तो उन्होंने सरपंच को मारने के लिए दौडाया। अचानक ही अतिक्रमणकारी उग्र हो गए और कार्रवाई का समर्थन कर रहे लोगों पर हमला कर दिया और लाठी डंडे से उनकी पिटाई की। अतिक्रमणकारियों ने लोगों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। इस दौरान पुलिस मौके पर मौजूद थी लेकिन उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपनी तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की। इस घटना में घरभरन, शिवाराम, कमलेश, मटकू राजवाड़े सहित अन्य लोगों को चोट आने की बात कही जा रही है। मारपीट और पथराव की घटना के बाद पुलिस व प्रशासनिक टीम को वापस लौटना पडा और फिलहाल कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया है। इधर एसएसपी के निर्देश पर शासकीय कार्य में व्यवधान एवं शासकीय संपत्ति के नुकसान मामले में लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र कुमार पैकरा की रिपोर्ट पर चौकी लटोरी थाना जयनगर में बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 324(3), 221 एवं लोक सम्पत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत 18 लोगों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।



डण्डे से हमला करते अतिक्रमणकारी, इनसेट में घायल।





पतथरबाजी से टूटा पुलिस वाहन का शीशा।

### जेसीबी और पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त

बताया जा रहा है कि कार्रवाई का विरोध कर रहे लोगों ने पत्थर चलाना शुरू कर दिया। अतिक्रमणकारियों ने सबसे पहले अतिक्रमण हटा रहे जेसीबी पर पथराव किया। इस दौरान जेसीबी चालक भागकर पुलिस वाहन की तरफ चला गया जिसके बाद उग्र लोगों ने जेसीबी के साथ ही पुलिस वाहन में भी पथराव किया जिससे वाहनों के शीशे टूट गए और वाहन क्षतिग्रस्त हुए है। अब इस मामले में एसएसपी ने अपराध दर्ज कर जांच व कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।



### अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव

ग्राम पंचायत सुंदरगंज में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रस्ताव पारित कर पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग से कार्रवाई में उपस्थित रहने पत्राचार किया गया था। इसी क्रम में अतिक्रमण हटाया जा रहा था। गांव में बड़ा पक्ष अतिक्रमण हटाना चाहता है। अतिक्रमणकारियों और दूसरे पक्ष के बीच विवाद और झूमा झटकी हुई। अतिक्रमणकारियों और दूसरे मोहल्ले के लोगों ने जेसीबी पर पथराव किया, जब जेसीबी के पीछे पुलिस की गाड़ियां खड़ी थी। इसमें वाहन क्षतिग्रस्त हुए है। किसी भी अधिकारी कर्मचारी को चोट नहीं आई है।

-**शिवानी जायसवाल**, एसडीएम

### दिए है जांच के निर्देश

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों ने पथराव किया है। इस घटना में पुलिस व राजस्व के किसी भी अधिकारी कर्मचारी को चोट नहीं आई है। गांव में दो गुटों के बीच मारपीट हुई है। इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच व कार्रवाई करने के निर्देश दी गए है।

-**प्रशांत ठाकुर**
एसएसपी सूरजपुर

## 21 किलो गांजा के साथ अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- उड़ीसा से खरीदकर ले जा रहे थे बनारस

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान में सरगुजा पुलिस ने सफलता हासिल की है। तस्करी के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को पकड़ने के साथ ही पुलिस ने 21.400 किलो गांजा बरामद किया है।

बताया जा रहा अहि की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतीक्षा बस स्टैंड के पीछे गुमटी के समीप दो व्यक्ति प्लास्टिक बोरा में गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को हिरासत में लिया। आरोपियों की पहचान यूपी के चंदौली मुगलसराय थाना अंतर्गत ग्राम रामनगर औद्योगिक क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय अमित शर्मा आ. संतोष शर्मा व बिहार के कैमूर अघोरा अंतर्गत कान्हानगर निवासी 20 वर्षीय देवचंद यादव आ. जगदीश यादव के रूप में की गई। संदिग्धों के पास मौजूद प्लास्टिक के बोरा की तलाशी लेने पर 21 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल किमती लगभग 04 लाख 28 हजार रुपये एवं नगद रकम 3 हजार 90 रूपए बरामद किया गया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान उड़ीसा से गांजा खरीदकर लाने बिक्री के लिए बनारस लेकर जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से गांजा जब्त करने के साथ ही उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(सी) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि संदीप सिंह, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, जितेश साहू, संजय तिवारी, शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता, सैनिक सुनील गुप्ता सक्रिय रहे।



### अश्लील गाने पर बच्चों के नृत्य करने के मामले में प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**अम्बिकापुर।** गणतंत्र दिवस पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय रामचंद्रपुर के विद्यार्थियों द्वारा अश्लील भोजपुरी गीत पर नृत्य का वीडियों सामने आने पर संभागायुक्त ने विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बसंत गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में प्रभारी प्राचार्य को संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय में संलग्न किया गया है।गणतंत्र दिवस पर पीएम श्री सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामचंद्रपुर में भोजपुरी का अश्लील गाना बजाया गया था जिस पर स्कूल के बच्चों ने जमकर नृत्य किया था। सोशल मीडिया पर बच्चों का वीडियों वायरल होने पर बलरामपुर कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लेते हुए संभागायुक्त को रिपोर्ट भेज कार्रवाई की अनुशंसा की थी। संभागायुक्त ने राष्ट्रीय पर्व पर अश्लील भोजपुरी गीत बजाने एवं गीत पर विद्यार्थियों से नृत्य कराने को गंभीर कृत्य एवं विद्यालयीन अनुशासन एवं सामाजिक शालीनता के विपरीत माना है। मामले में दायित्वों के निर्वहन में प्रभारी प्राचार्य की घोर लापरवाही मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## चोरी का सामान खरीदने वाले समेत 4 गिरफ्तार, जेवर बरामद

**अंबिकापुर।** सूने मकान में चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोर व चोरी का सामान खरीदने वाले खरीददार समेत 4 को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामन भी बरामद करने में सफलता हासिल की है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बिशुनपुर खुर्द गोरसीडबरा निवासी अनिल कुमार दास का परिवार 4 फरवरी को जगन्नाथपूरी के दर्शन करने गया हुआ था। इस दौरान 5 फरवरी को अनिल कुमार दास के भाई सुदामा ने फोन पर बताया की घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने के बाद मकान मालिक वापस लौटा तो देखा की घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। चोर घर के अंदर मौजूद आलमारी का ताला तोड़कर 1 नग सोने का चैन, 1 नग बच्चों का चांदी कड़ा, 1 नग सोने का लॉकेट, 1 नग सोने का नाक का नथनिया, 1 जोड़ी चांदी का पायल, 1 नग चांदी का कड़ा, 2 नग सोने का अंगुठी लगभग 1 लाख 30 हजार रूपए का सामान चोरी कर ले गए थे। घटना की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गोरसीडबरा निवासी 20 वर्षीय अतुल तिग्गा उर्फ अक्की आ. आनंद तिग्गा, 21 वर्षीय सत्यादीप तिग्गा उर्फ टका आ. कालाबेर तिग्गा, 20 वर्षीय राजा लड़का आ. सूर्या लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। , आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की सामान गोरसीडबरा नाला के पास से बरामद किया गया एवं चोरी के जेवर को दुकान संचालक कमल सोनी को बेचना बताये। पुलिस जेवर दुकान संचालक ब्रम्ह रोड निवासी 52 वर्षीय कमल सोनी आ. गया प्रसाद सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने भी चोरी का सामान खरीदना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का जेवर बरामद करने के साथ ही चारों को बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए), 3(5), 317(2), 3(5), 317 (2), के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## बिना लाइसेंस के धान बीज भंडारण पर कार्रवाई, किया गया जब्त

- कलेक्टर के निर्देश पर जारी किया गया नोटिस

**अंबिकापुर।** शहर के कान्तिप्रकाश पुर में संचालित कोल्ड स्टोरेज में कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। अधिकारियों ने कोल्ड स्टोरेज से बड़े पैमाने पर धान बीज जब्त किया है। कोल्ड स्टोरेज में एक्सपायरी डेट के बीज भी मौजूद थे। अब इस मामले में कोल्ड स्टोरेज संचालक को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

बताया जा रहा है कि कृषि विभाग को सूचना मिली थी की कोल्ड स्टोरेज में बड़े पैमाने पर धान बीज रखा गया है और एक्सपायरी धान बीज को बाजार में खापाने की तयारी है। सूचना के बाद कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं उप संचालक कृषि के निर्देशन में बीज निरीक्षक सोहन लाल भगत एवं टीम के द्वारा मंगलवार को दरिमा मोड़ स्थित मां महामाया कोल्ड स्टोरेज में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोल्ड स्टोरेज में विभिन्न कंपनियों के मक्का, धान एवं सरसों बीज अवैध रूप से भंडारित पाए गए। संचालक के पास धान बीज भंडारण का लाइसेंस नहीं था। कोल्ड स्टोरेज के संचालक द्वारा बताया गया कि उक्त बीज कंपनियों एवं दुकानदारों द्वारा भण्डारण किया गया है। भंडारित बीजों में कुछ बीज एक्सपायरी पाए गए थे, जिनका आगामी खरीफ में कृषकों को वितरण ना हो इसलिए अवैध रूप से भंडारित समस्त बीज को जब्त कर अभिरक्षा हेतु संबंधित कोल्ड स्टोरेज के संचालक रुपेश अग्रवाल के सुपुर्द किया गया। कोल्ड स्टोरेज के संचालक को नोटिस जारी कर भण्डारित बीज किस कंपनी एवं किस व्यवसायी का है इसकी जानकारी मांगी गई है।



## देह व्यापार के मामले में पति-पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाहर से बुलाते थे लड़कियां, किराए का कमरा भी कराते थे उपलब्ध, जांच जारी

सरगुजा में देह व्यापार का जाल बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। इस अवैध कारोबार में शामिल लोग प्रदेश के बाहर से लडकियां मंगवाकर लोगों को उपलब्ध करा रहे थे। इस बात का खुलासा पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने इस कारोबार में शामिल दम्पति को गिरफ्तार किया है। वहीं अब तक इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर शहर में देह व्यापार के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 10 नवंबर 2025 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार आकाशवाणी चौक स्थित घर से एक महिला को देह व्यापार के मामले में रंगे हाथों पकड़ने के साथ ही युवक-युवतियों को बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने महिला को धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही जांच में यह बात भी सामने आई कि महिला का पति सुनील कुमार भी इस कारोबार में शामिल है। युवक की पत्नी ग्राहक ढूंढती है और सुनील कुमार का साथी हेमंत दास देह व्यापार के लिए लड़कियों को ग्राहक तक लाने- ले जाने का काम करता है। इसके साथ ही इस कारोबार में उनका साथ एक अन्य महिला भी देती है। ऐसे में पुलिस ने 13 दिसंबर को मायापुर निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार आ. कमला साव, दरिमा तेलसखरिया निवासी 33 वर्षीय हेमंत दास आ. स्व. राजेश दास व एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया था जबकि जांच में देह व्यापार में होटल मैनेजर का नाम भी सामने आया। पुलिस ने जांच उपरांत अर्बन चौपाटी के समीप स्थित होटल आर्यन के मैनेजर एमपी रीवा के अथरैला पटेहरा सिरमौर निवासी 53 वर्षीय मौजी लाल जायसवाल आ. जगदेव प्रसाद जायसवाल व कर्मचारी बलरामपुर जिले के कुसमी जिगनिया निवासी 22 वर्षीय एकलव्य पैकरा आ. जनार्दन राम पैकरा को गिरफ्तार किया था। वहीं इस जांच में अब पुलिस ने गांधीनगर निवासी अजय सिदार व उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। अजय सिदार पेशे से ऑटो चालक है लेकिन उसका मुख्य धंधा देह व्यापार ⏭ शेष पेज 4 पर

## सीएसपी, एसडीएम ने ली होटल, मैरज गार्डन व डीजे संचालकों की बैठक

# रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन ने रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया है। इस संबंध में अधिकारियों ने डीजे संचालकों, होटल और मैरिज गार्डन के संचालकों की बैठक ली। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है जबकि 20 फरवरी से छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू हो रही है। परीक्षाओं के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने, देर रात तक डीजे के संचालन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सीएसपी राहुल बंसल, एसडीएम फागेश सिन्हा एवं तहसीलदार उमेश्वर बाज के नेतृत्व में कोतवाली थाना में जिले के सभी डीजे संचालकों, मैरिज गार्डन एवं होटल मैनेजरो की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीजे संचालकों को बोर्ड परीक्षा के दौरान एवं किसी भी सामाजिक, धार्मिक आयोजन, कार्यक्रम, रैली, जुलूस आदि में डीजे संचालन से पूर्व विधिवत अनुमति प्राप्त करने पश्चात ही डीजे सिस्टम लगाने, साउंड सिस्टम की आवाज तय मानकों के अंतर्गत रखने एवं समय का विशेष ध्यान रखने हेतु रात्रि 10 बजे के पूर्व तक ही ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग करने के दिशा निर्देश दिए गए। बैठक दौरान डीजे संचालको को रजिस्टर संधारण करने हेतु बताया गया जिसमे विधिवत अनुमति एवं नियम शर्तों के साथ डीजे संचालन कराने वाले व्यक्ति का पहचान पत्र एवं अन्य जानकारियां लिखित रूप मे प्राप्त कर रखा जायगा। बैठक में तय समय के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग करने पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए जब्ती की कार्यवाही किये जाने की सख्त चेतावनी दी गई। मैरिज गार्डन एवं होटल के मैनेजरो को डीजे संचालन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से पालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही निर्देश दिया गया है कि डीजे संचालन के दौरान किसी भी धर्म संप्रदाय एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले संगीत नही बजाए जाएंगे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, सउनि ललन गुप्ता, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**अनूपपुर।** जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कलेक्टर द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैग, शील्ड, वाटर बॉटल, लंच बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इन विद्यार्थियों में कक्षा दूसरी से कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### कलेक्टर ने किसान फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बुधवार को जमुड़ी ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर किसानों के फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पेसा मोबिलाइजर के माध्यम से संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री पंचोली ने ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी ली कि पंचायत क्षेत्र में कुल कितने किसान हितग्राही हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री अपलोड की जानी शेष है। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 513 किसान हितग्राही ऐसे हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री प्रविष्टि की जानी है।

### जिपं सदस्य से सीएम को सौंपा ज्ञापन

**सोनहत।** कोरिया प्रवास पर आए मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों को



लेकर जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार सिंह ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि सोनहत जनपद क्षेत्र में अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा किया जाए। इनमें सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बंशीपुर, ग्राम पंचायत नवाटोला व ग्राम पंचायत चंदहा में अधूरे विद्युत कार्यों को पूर्ण करने, वनांचल क्षेत्र रामगढ़ में बीएसएनएल टावर प्रारंभ करने, ग्राम चकडॉड़ से धुम्माडॉड़ अधूरे सड़क को पूर्ण कराने, ग्राम ललमटिया ग्राम पंचायत भैंसवार में पहुंचविहीन 1 नग आर सीसी पुलिया निर्माण कराने की मांग की है।

### जपं सदस्य आशा ने सीएम का जताया आभार

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया महोत्सव बैकुंठपुर में पधारे प्रदेश के



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बहुप्रतीक्षित मांग ग्राम छिंदिया से ठाकुरपारा होते हुए शिवपुर पहुंच मार्ग निर्माण कार्य की घोषणा किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण की मांग को जनपद सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर आशा महेश साहू द्वारा लगातार स्थानीय विधायक, कलेक्टर एवं संबंधित विभाग रायपुर के समक्ष उठाया जाता रहा है। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर पत्राचार एवं जनहित में पहल कर इस मार्ग की स्वीकृति के लिए निरंतर प्रयास किए। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा से ग्राम छिंदिया, ठाकुरपारा एवं शिवपुर सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से खराब सड़क के कारण क्षेत्रवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

### श्रीराधा-कृष्ण विवाह का आयोजन आज

**पत्थलगांव।** फुलेरा दूज के उपलक्ष्य में समस्त कृष्ण प्रेमियों की ओर से 19 फरवरी गुरुवार को श्रीराधा-कृष्ण विवाह का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर में करना निश्चित किया गया है। छत्तीसगढ़ के मशहूर भजन प्रवाहक अश्विनी श्रीवास एवं भजन प्रवाहिका तारिणी श्रीराधा-कृष्ण के विवाह को और भी उत्साह पूर्ण बनाने पत्थलगांव में पधार रहे हैं। आयोजन में शाम 7 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होगी एवं उसके बाद भगवान श्रीराधा-कृष्ण का विवाह होगा। इसके बाद फूलों की होली खेली जाएगी।

---

#### तीर्थयात्रा कर लौट रही थी महिला, पर्याप्त बिजली का है अभाव

# बैकुंठपुर स्टेशन पर अव्यवस्था : प्लेटफार्म पर गिरने से घायल महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र की अमृत भारत योजना में शामिल बैकुंठपुर रोड स्टेशन में इन दिनों बदइंतजामी के चलते बीते 16 फरवरी की रात्रि में तीर्थयात्रा कर लौटे एक महिला प्लेटफार्म में उतरने के दौरान प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच में फंस गई थी, जिसे गंभीर रूप से अस्पताल ले जाया गया, जहां से घायल महिला अंबिकापुर रेफर किया गया, फिर वहां से भी रायपुर के लिए रेफर कर दिया गया और रायपुर ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही घायल महिला ने दम तोड़ दिया।

घटना दिवस बैकुंठपुर रोड स्टेशन पर बिजली की पर्याप्त रोशनी नहीं थी और अभी निर्माण कार्य के कारण समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई यात्रियों को विकट स्थिति का सामना कर ट्रेन से उतरने के दौरान करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार बीते 16 फरवरी को वृंदावन से यात्रा कर यात्री जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस से रात्रि लगभग 9:30 बजे बैकुंठपुर रोड स्टेशन पर पहुंचने पर उतरने लगे। इस दौरान जनरल कोच के लिए एक पतली सी प्लेटफार्म पर यात्री उतरने लगे। इस दौरान उक्त जगह पर्याप्त रोशनी भी नहीं थी, जिससे ट्रेन से उतरने के दौरान कई यात्रियों का बैलेंस बिगड़ गया। स्थिति यह रही कि एक तरफ रेल्वे ट्रेक तो दूसरी ओर 6 फीट की खाई थी। ऐसे में कई यात्रियों को लोगों के द्वारा संभाला गया, लेकिन एक बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खाड़ा चिटकाहीपारा निवासी महिला चंद्रवती साहू पति शिवराम साहू ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंस गई, जिसे बचाने महिला का पुत्र राजकुमार साहू हाथ पकड़ कर खींचने की कोशिश किया, पर ट्रेन के झटके के कारण उसका हाथ छूट गया और महिला चंद्रवती साहू ट्रेक पर जा गिरी।

इसी बीच ट्रेन पूरी तरह रूकी तो महिला चंद्रवती का सिर, हाथ, पसली, कमर में गंभीर चोट पहुंची, जिसे उठाकर महिला का पुत्र राजकुमार अपनी मां को शासकीय हॉस्पिटल लेकर आया, जहां उपचार करने के बाद तत्काल अंबिकापुर रेफर कर दिया गया और अंबिकापुर से भी गंभीर रूप से घायल महिला को रायपुर रेफर कर दिया गया। घायल महिला को 17 फरवरी की रात्रि में रायपुर ले जाया जा रहा था, इसी बीच महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दी।




बैकुंठपुर स्टेशन। इनसेट में मृतिका

#### स्टेशन में अंधेरे के कारण गिरे कई यात्री

मिली जानकारी के अनुसार बीते 16 फरवरी की रात्रि जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस से बैकुंठपुर क्षेत्र के 22 यात्री वृंदावन का भ्रमण कर लौट रहे थे। बैकुंठपुर रोड स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर सभी यात्री उतरने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान स्टेशन में अंधेरा था, इसके चलते उतरने के दौरान कई यात्री प्लेट फार्म की ओर गिरे तो कुछ रेल्वे ट्रेक की ओर 6 फूट नीचे गिर गए थे। स्टेशन में अंधेरे के कारण कई यात्री जख्मी हो गए थे, यदि पर्याप्त रोशनी स्टेशन में रहती तो यात्रियों को चोटिल नहीं होते।

---



शिक्षामंत्री से मिलते शिक्षक।

## आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक मिले शिक्षा मंत्री से,12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय कर्मचारी संगठन के कोरिया जिलाध्यक्ष गोपाल दत्त उरमलिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एक दिवसीय प्रवास पर आए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में शासकीयकरण, नौकरी की सुरक्षा तथा कर्मचारियों के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि इन मांगों का समाधान शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मनोबल को सुदृढ़ करने तथा शैक्षणिक व्यवस्था की स्थिरता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। विदित हो कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालयों में समस्त शैक्षणिक स्टाफ की भर्ती एकमुश्त वेतन पर संविदा आधार पर की गई थी। विगत कई वर्षों से वेतन में किसी प्रकार का भत्ता नहीं जोड़ा गया है, जबकि महंगाई निरंतर बढ़ती जा रही है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान श्रीमती कविता मिश्रा, अंकिता सिंह, नीलेश शर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## झुमका जलाशय के शिकारा में सवार हुए सीएम, किया नौका विहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 16 फरवरी की देर शाम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल झुमका जलाशय में शिकारा में सवार होकर नौका विहार करते हुए प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने जलाशय के किनारे ओपन थिएटर का लोकार्पण भी किया। करीब 27 लाख रूपए की लागत से करीब 500 दर्शकों की बैठक क्षमता का ओपन थिएटर अनुपम दृश्य प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भईयालाल राजवाड़े भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जलाशय में बोटिंग करते हुए आसपास के हरित पहाड़ों और शांत जलराशि की सराहना की। उन्होंने कहा कि झुमका डैम न केवल कोरिया जिले की पहचान है, बल्कि पूरे छग में पर्यटन की अपार संभावनाओं का प्रतीक भी है। राज्य सरकार पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

### साहिल बने सरगुजा विश्वविद्यालय के महासचिव

**डोमनहिल।** चिरमिरी के सक्रिय छात्र नेता साहिल जायसवाल को संत गहिरा गुरू



विश्वविद्यालय (सरगुजा विश्वविद्यालय) का महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एनएसयूआई की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद की गई। एनएसयूआई के राष्टीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, छग एनएसयूआई के प्रभारी महावीर गुजर, आदितेश्वर शरण सिंहदेव, विनय उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार की सहमति से विगत दिनों विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता द्वारा एनएसयूआई की कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें साहिल जायसवाल को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वर्तमान में साहिल लाहिड़ी महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं और स्थानीय छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति से स्थानीय छात्रों की समस्याओं को विश्वविद्यालय स्तर पर मजबूती से उठाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शुरु हो गया फव्वारा...



**बैकुण्ठपुर।** गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही शहर के फव्वारा चौक का फव्वारा चालू हो गया। हालांकि माह के शुरूआत में ही चालू हुआ, लेकिन तब धार कम थी, जिसे ठीक कर दिया गया।

---

## एमसीबी में 45 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में उपार्जित धान का उठाव कार्य तेज, सुव्यवस्थित और पूरी तरह किसान हितैषी तरीके से संचालित किया जा रहा है।

जिले में अब तक कुल 8,79,848.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसमें से 4,00,910.00 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव हो चुका है। यह कुल उपार्जित धान का लगभग 45.57 प्रतिशत है। शेष 4,78,938.60 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में सुरक्षित रूप से संग्रहित है, जिसे उठाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चरणबद्ध और प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उपार्जन केन्द्रवार उठाव की स्थिति पर नजर डालें तो कछौड़ से 10,940 क्विंटल, केल्हारी से 37,410 क्विंटल, कटकोना से 1,790 क्विंटल, कोड़ा से 16,970 क्विंटल, कौड़ीमार से 35,260 क्विंटल, खड़गवां से 20,930 क्विंटल, बरदर से 29,890 क्विंटल, रतनपुर से 19,650 क्विंटल, सिंगहत से 15,190 क्विंटल, कुंवारपुर से 14,420 क्विंटल, घुटरा से 23,330 क्विंटल, कठौतिया से 22,400 क्विंटल, चैनपुर से 30,860 क्विंटल, नागपुर से 24,040 क्विंटल, बंजी से 17,740 क्विंटल, जनकपुर से 11,410 क्विंटल, बहरासी से 6,240 क्विंटल, डोडकी से 18,960 क्विंटल, माड़ीसरई से 11,620 क्विंटल, सिंगरौली से 900 क्विंटल तथा बरबसपुर से 30,960 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। कई केन्द्रों पर उठाव शून्य रहने के बावजूद वहां भी आगामी दिनों में कार्य तेज करने की तैयारी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में धान उठाव को केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास और उनकी मेहनत के सम्मान से जुड़ा दायित्व माना जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रत्येक उपार्जन केन्द्र की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि शेष धान का उठाव समय पर, सुरक्षित और बिना किसी असुविधा के पूरा किया जा सके। कुल मिलाकर धान खरीदी वर्ष 2025-26 में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का धान उठाव कार्य एक सशक्त और अनुकरणीय उदाहरण के रूप में सामने आया है।

## कांग्रेसियों ने कहा-सीएम से मिलने नहीं दिया



**डोमनहिल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी के अध्यक्ष शिवांश जैन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर राव, बरुन शर्मा, गायत्री विरहा, राहुल भाई पटेल और रबी विरहा की उपस्थिति में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर राज्य की भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हालिया चिरमिरी दौरे से क्षेत्र की जनता को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दौरा पूरी तरह निराशाजनक साबित हुआ। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि वे अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री को चिरमिरी के विकास से संबंधित एक मांग पत्र सौंपना चाहते थे। इस मांग पत्र में शहर की जर्जर सड़कों, पेयजल समस्या और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं का उल्लेख था। श्री राजू जैन ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने से रोकने के लिए तानाशाही रवैया अपनाया। उनका कहना था कि हमें जबरन रोका गया। यहां तक कि मेरी दुकान और घर पर पुलिस भेजकर मुझे नजरबंद जैसी स्थिति में रखा गया, ताकि हम जनता की आवाज मुख्यमंत्री तक न पहुंचा सकें। उन्होंने भाजपा की केन्द्र, राज्य और स्थानीय स्तर की ट्रिपल इंजन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस इंजन के चारों टायर पंचर हो चुके हैं। श्री जैन ने कहा कि चिरमिरी की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है, जबकि सरकार बड़े-बड़े दावों में व्यस्त है।

---

#### उज्जवला गैस, पिंक ई-रिक्शा और गार्बेज रिक्शा का वितरण

# जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही जिंदगी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरिया प्रवास के दौरान कोरिया महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण कर लाभान्वित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 105 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस योजना से अब इन परिवारों को धुएं से मुक्ति मिलने के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्य के अनुकूल ईंधन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर स्व-रोजगार और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 6 आजीविका दीदियों को पिंक ई-रिक्शा (ग्रामीण आजीविका एक्सप्रेस) प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं की आय बढ़ाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 14 स्वच्छता दीदियों को गार्बेज रिक्शा भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यवस्था नहीं बल्कि जनभागीदारी का अभियान है और इस दिशा में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।




## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा इसकी अवधि तीन माह निर्धारित की गई है।

इस पहल का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक एवं तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें निर्माण एवं स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रोजगार योग्य बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक राजमिस्त्री और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सहायक राजमिस्त्री के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं पास तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के लिए 10 वीं पास निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संबंधित ट्रेड में व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी कौशल एवं कार्यस्थल की आवश्यक दक्षताओं का समुचित प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार अथवा निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शासकीय प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही संस्थान द्वारा प्रशिक्षित युवाओं के प्लेसमेंट के लिए भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष लाभ उन्हें रोजगार के रूप में मिल सके। इच्छुक अभ्यर्थी 22 फरवरी तक कार्यालयीन समय में शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी पहुंचकर पंजीयन करा सकते हैं।

